Course Code: PGHND2C001T        समय - 3 घंटे (1)
अंक = 100

भाषा विज्ञान और हिन्दी भाषा

खंड - क

निम्नांकित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए — 10×1.5=15

1. मात्रा के आधार पर स्वर कितने प्रकार के होते हैं—

क - दो
ख - तीन
ग - चार
घ - पाँच

2. स्वनिम की सत्ता कौन-सी होती है?

क) लौकिक
ख) अलौकिक
ग) भौतिक
घ) मानसिक

3. किस ध्वनि के उच्चारण में हवा अबाध्य गति से नहीं निकलती है?

क) स्पर्श
ख) स्वर
ग) व्यंजन
घ. दोनों

4. कौवा को कोमल तालु के साथ कितनी अवस्थाओं में पाया जाता है?

क - दो
ख - तीन
ग - चार
घ - पाँच

5. प्रकृति एवं प्रत्यय के मिलने से क्या बनता है?

क - शब्द
ख - पद
ग - वाक्य
घ - प्रयोजित

सीधे धातु के साथ जोड़ दिये जाने वाले प्रत्यय को क्या कहते हैं?

क - कृत
ख - कर्तृ
ग - कर्म
घ - तद्धित

7. मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं की समय सीमा क्या है?

क - 1500 ई० पू० से 1000 ई० तक
ख - 1000 ई० पू० से 500 ई० तक
ग - 500 ई० पू० से 1000 ई० तक
घ - 500 ई० पूर्व से 1500 ई० तक

8. मोग्गलान के अनुसार पालि भाषा में कुल कितनी ध्वनियाँ हैं?

क - 41
ख - 42
ग - 43
घ - 44

9. किस विद्वान ने ~~को~~ कारक चिन्ह 'ने' की व्युत्पत्ति 'तन' से मानी है?

क - केलाग
ख - बीम्स
ग - ट्रंप
घ - ग्रियर्सन

10. राजकुमार में कौन-सा समास है?

क द्विगु
ख द्वन्द्व
ग तत्पुरुष
घ. कर्मधारय

## खंड - आ

निम्नांकित लघु उत्तरापेक्षी प्रश्नों के उत्तर दीजिए — 5×8=40

1. ~~[illegible]~~ भाषा विज्ञान की परिभाषा देते हुए इस के क्षेत्र पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'भाषा' का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी विशेषताएँ बताइए।

2. स्वनिम विश्लेषण पद्धति एवं सूचक पर टिप्पणी कीजिए।

अथवा

निम्नतम युग्म एवं संदिग्ध युग्म पर टिप्पणी कीजिए।

3. अर्थ की अवधारणा स्पष्ट कीजिए

अथवा

अर्थ के प्रकार उदाहरण सहित लिखिए।

4. प्राकृत भाषा की सामान्य विशेषताएँ बताइए।

अथवा

'अपभ्रंश' के नामकरण की चर्चा करते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएं बताइए।

5. ~~अवधी~~ कारक चिन्ह से, में, ने, को का विकास बताइए

अथवा

किन्हीं दो समासों को उदाहरण सहित लिखिए।

## खंड - इ

निम्नांकित दीर्घ उत्तरापेक्षी प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए — 3×15=45

1. हिन्दी का व्यंजन-वर्गीकरण उदाहरण सहित लिखिए।

2. ध्वनिम की परिभाषा देते हुए इसके भेद सोदाहरण लिखिए।

3. मर्ष की व्याकरणिक कोटियां पर प्रकाश डालिए

4. हिन्दी उपसर्ग एवं प्रत्यय को उदाहरण सहित लिखिए।

5. प्राचीन भारतीय भाषाओं का परिचय देते हुए इनकी प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।